Number of Pages in Booklet : **28**
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : **70**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक
170068

# Music
## Subject Code/विषय कोड : 17

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........................................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ..........................................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..........................................

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........................................

Time/समय : **75** Minutes/मिनिट्स

Maximum Marks/पूर्णांक : **70**

### Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. **1** to serial no. **10** are related to general aptitude while questions from serial no. **11** to serial no. **70** are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (a), (b), (c), (d).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the answer sheet by using **BLUE BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

### निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक **1** से क्रमांक **10** तक के प्रश्न सामान्य अभिवृत्ति के तथा क्रमांक **11** से क्रमांक **70** तक के प्रश्न विषय केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश: (अ), (ब), (स), (द) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को उत्तर पुस्तिका पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

**Space for Rough Work**

कच्चे कार्य के लिए स्थान

1. The highest mountain peak in India is :

(a) Mount Everest

(b) Mount $K_2$

(c) Kanchenjungha

(d) Himalaya

2. Pravasi Bhartiya Divas is celebrated each year on :

(a) Jan. 19

(b) Feb. 20

(c) Jan. 9

(d) Jan. 16

3. How many Fundamental Rights are there in Indian Constitution ?

(a) 7

(b) 9

(c) 6

(d) 10

1. भारत की सबसे ऊँची पर्वत चोटी है :

(अ) माउण्ट ऐवरेस्ट

(ब) माउण्ट $K_2$

(स) कंचनजंगा

(द) हिमालय

2. प्रवासी भारतीय दिवस प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है :

(अ) 19 जनवरी को

(ब) 20 फरवरी को

(स) 9 जनवरी को

(द) 16 जनवरी को

3. भारतीय संविधान में कितने मौलिक अधिकार दिये गये हैं ?

(अ) 7

(ब) 9

(स) 6

(द) 10

*Fill in the blanks :*

4. The bag is so heavy that he can ............. lift it.

   (a) Hardly

   (b) Scarcely

   (c) Barely

   (d) Slightly

5. Find the correctly spelt word :

   (a) Campaign

   (b) Compaigin

   (c) Campaigin

   (d) Compaign

6. Synonymous of "Haughty" is :

   (a) Arrogant

   (b) Dangerous

   (c) Huge

   (d) Irritate

**खाली स्थान भरिये :**

4. The bag is so heavy that he ............. lift it.

   (अ) Hardly

   (ब) Scarcely

   (स) Barely

   (द) Slightly

5. निम्न में **सही** स्पेलिंग वाले शब्द को ज्ञात कीजिए :

   (अ) Campaign

   (ब) Compaigin

   (स) Campaigin

   (द) Compaign

6. "Haughty" का पर्याय है :

   (अ) Arrogant

   (ब) Dangerous

   (स) Huge

   (द) Irritate

7. If P + Q means P is the mother of Q, P ÷ Q means P is the father of Q, P – Q means P is the sister of Q. Then which of the following relationship shows that M is the daughter of R ?

(a) R ÷ M + N

(b) R + N ÷ M

(c) R – M ÷ N

(d) None of the above

8. In a certain code 'LAKE' is written as 'OZPV'. How will 'BACK' be written in the same code ?

(a) TZXP

(b) YZNT

(c) YZXP

(d) TXZP

7. यदि P + Q का अर्थ P, Q की माँ है, P ÷ Q का अर्थ P, Q का पिता है, P – Q का अर्थ P, Q की बहन है, तो निम्न में से कौनसा सम्बन्ध 'M, R की लड़की है' बताता है ?

(अ) R ÷ M + N

(ब) R + N ÷ M

(स) R – M ÷ N

(द) उपुर्यक्त में से कोई नहीं

8. एक निश्चित कोड में 'LAKE' को 'OZPV' लिखा जाये, तो 'BACK' को उसी कोड में कैसे लिखेंगे ?

(अ) TZXP

(ब) YZNT

(स) YZXP

(द) TXZP

9. Samir's age is one-fourth of his father's age and two-third of his sister Reema's age. What is the ratio of ages of Samir, Reema and father respectively ?

(a) 4 : 3 : 8

(b) 2 : 3 : 8

(c) 1 : 2 : 3

(d) None of the above

10. Six bells commence tolling together and toll at intervals of 2, 4, 6, 8, 10 and 12 seconds respectively. In 30 min. how many times do they toll together ?

(a) 4

(b) 10

(c) 15

(d) 16

9. समीर की उम्र उसके पिताजी की उम्र की 1/4 है और उसकी बहन रीमा की उम्र की 2/3 है। समीर, रीमा एवं पिताजी की उम्रों का क्रमशः अनुपात क्या है ?

(अ) 4 : 3 : 8

(ब) 2 : 3 : 8

(स) 1 : 2 : 3

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

10. छः घंटियाँ एक साथ बजती हैं एवं वे क्रमशः 2, 4, 6, 8, 10 एवं 12 सेकण्ड के अन्तराल से बजती हैं। 30 मिनट में वे कितनी बार साथ-साथ बजेंगी ?

(अ) 4

(ब) 10

(स) 15

(द) 16

11. Which term is used as a synonym of Alankar ?

(a) Sargam

(b) Lakshan Geet

(c) Alap

(d) Palta

12. 'Varna' is meant for :

(a) Process of singing

(b) Creativity

(c) 'Abhinaya'

(d) 'Thata'

13. Which kind of 'Nada' is essential for music ?

(a) Anahat

(b) Ahat

(c) Sanchari

(d) Vikarsha

11. किस शब्द को 'अलंकार' के समानार्थक के रूप में प्रयुक्त किया जाता है ?

(अ) सरगम

(ब) लक्षण गीत

(स) आलाप

(द) पलटा

12. 'वर्ण' शब्द का निहितार्थ है :

(अ) गायन क्रिया

(ब) सृजनात्मकता

(स) अभिनय

(द) थाट

13. संगीत में किस प्रकार के नाद की आवश्यकता होती है ?

(अ) अनाहत

(ब) आहत

(स) संचारी

(द) विकर्ष

14. The term 'Avartan' indicates the following :

(a) Reflection

(b) Reverberation

(c) Addendum

(d) Time

15. 'Laiharoba' is a famous dance form of :

(a) Manipur

(b) Himachal

(c) Kashmir

(d) Rajasthan

16. Raga Bihag belongs to which 'Thata' ?

(a) Kafi

(b) Kalyan

(c) Bilawal

(d) Khamaj

14. 'आवर्तन' निम्न में से किसको इंगित करता है ?

(अ) परावर्तन

(ब) अनुरंजन

(स) अनुबंध

(द) समय

15. 'लाईहरोबा' किस प्रान्त का प्रसिद्ध नृत्य है ?

(अ) मणीपुर

(ब) हिमाचल

(स) कश्मीर

(द) राजस्थान

16. राग बिहाग किस थाट से सम्बद्ध है ?

(अ) काफी

(ब) कल्याण

(स) बिलावल

(द) खमाज

17. As per 'Time-theory' what time is specified to sing 'Raga Bhimpalasi' ?

(a) 1—4 a.m.

(b) 4—7 p.m.

(c) 1—4 p.m.

(d) 10—1 p.m.

18. 'Ektal' is divided into how many 'Vibhagas' ?

(a) 6

(b) 4

(c) 12

(d) 10

19. How many 'shrutis' does a 'Shudha Swara Saptak' contain, according to the medieval scholars ?

(a) 20

(b) 21

(c) 22

(d) 18

17. 'समय सिद्धान्त' के अनुसार, राग भीमपलासी का गायन समय क्या है ?

(अ) 1—4 a.m.

(ब) 4—7 p.m.

(स) 1—4 p.m.

(द) 10—1 p.m.

18. एकताल के कितने विभाग हैं ?

(अ) 6

(ब) 4

(स) 12

(द) 10

19. मध्यकालीन ग्रंथकारों के अनुसार एक शुद्ध स्वर सप्तक में कितनी श्रुतियाँ होती हैं ?

(अ) 20

(ब) 21

(स) 22

(द) 18

20. The structure of a 'Thata' includes :

(a) Avroha

(b) Aroha

(c) Both Aroha-Avroha

(d) None of the above

21. Identify the correct group of 'Swaras' which depicts 'Poorvanga' of a 'Saptak' ?

(a) Dha Ni Sa Re

(b) Ma Pa Dha Ni

(c) Sa Re Ga Ma

(d) Dha Sa Dha Re

22. Hindustani instruments are classified under how many categories ?

(a) 5

(b) 3

(c) 4

(d) 6

20. थाट की संरचना में सम्मिलित है :

(अ) अवरोह

(ब) आरोह

(स) आरोह-अवरोह दोनों

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

21. सप्तक के पूर्वांग को दर्शाने वाले सह स्वर-समूह को पहचानिये :

(अ) ध़ नि़ सा रे

(ब) म प ध नि

(स) सा रे ग म

(द) ध़ सा ध़ रे

22. हिन्दुस्तानी वाद्यों को कितनी श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है ?

(अ) 5

(ब) 3

(स) 4

(द) 6

23. 'Jati' of Raga Vrindavani Sarang is :

(a) Audav-Sampurna

(b) Audav-Shadav

(c) Shadav-Shadav

(d) Audav-Audav

24. Rajasthani folk-song 'Kesaria baalam' is set to which 'Raga' ?

(a) Asa

(b) Sameri

(c) Soob

(d) Mand

25. 'Re Pa, Ga Ma Re Sa' is the phrase of which Raga ?

(a) Kedar

(b) Miyan ki Malhar

(c) Bageshri

(d) Jaunpuri

23. राग वृन्दावनी सारंग की जाति है :

(अ) औडव-संपूर्ण

(ब) औडव-षाडव

(स) षाडव-षाडव

(द) औडव-औडव

24. राजस्थानी लोकगीत 'केसरिया बालम' किस राग में निबद्ध है ?

(अ) आसा

(ब) सामेरी

(स) सूब

(द) माँड

25. 'रे प, ग म रे सा' किस राग का स्वर-समुदाय है ?

(अ) केदार

(ब) मियां की मल्हार

(स) बागेश्री

(द) जौनपुरी

26. Identify the correct pair of 'Talas', which contain same 'Matras' and 'Vibhagas' ?

(a) Jhaptal-Sooltal

(b) Roopak-Teevra

(c) Jhoomra-Ada Chautal

(d) Kaharva-Dadra

27 'Aad', 'Kuad' and 'Biad' are related to :

(a) Sam

(b) Laya

(c) Khali

(d) Anaghata

28. 'Thata' of 'Raga Malkauns' is :

(a) Bhairavi

(b) Asawari

(c) Poorvi

(d) Bhairav

26. सही ताल-जोड़ी का चुनाव कीजिए, जिनकी मात्राएँ व विभाग दोनों समान हों :

(अ) झपताल-सूलताल

(ब) रूपक-तीव्रा

(स) झूमरा-आड़ा चौताल

(द) कहरवा-दादरा

27. आड़, कुआड़ व बिआड़ संबंधित हैं :

(अ) सम से

(ब) लय से

(स) खाली से

(द) अनाघात से

28. राग मालकौंस का थाट है :

(अ) भैरवी

(ब) आसावरी

(स) पूर्वी

(द) भैरव

29. A composition of 'Swaras' which is *not* set to any 'Tala' is known as :

(a) Mukta Gan

(b) Nibaddha Gan

(c) Anibaddha Gan

(d) Vilambit Gan

30. Which of the following Institutions is working for the promotion of Music ?

(a) Lalit Kala Academy

(b) Sahitya Academy

(c) Sanskriti Academy

(d) Sangeet Natak Academy

31. Identify the pair which is *not* correct ?

(a) Ravi Shankar—Sarod

(b) Bhimsen Joshi—Khayal

(c) Sitara Devi—Kathak

(d) Zakir Hussain—Tabla

29. वह स्वर-रचना, जो कि तालबद्ध नहीं है, उसे कहा जाता है :

(अ) मुक्त गान

(ब) निबद्ध गान

(स) अनिबद्ध गान

(द) विलंबित गान

30. निम्नलिखित में से कौनसी संस्था, संगीत के उन्नयन के लिए कार्यरत है ?

(अ) ललित कला अकादमी

(ब) साहित्य अकादमी

(स) संस्कृति अकादमी

(द) संगीत नाटक अकादमी

31. निम्नलिखित में से कौनसी जोड़ी सही **नहीं** है ?

(अ) रवि शंकर—सरोद

(ब) भीमसेन जोशी—खयाल

(स) सितारा देवी—कत्थक

(द) जाकिर हुसैन—तबला

32. Who is the author of 'Kramik Pustak Malika' ?

(a) V. Digambar

(b) V.N. Bhatkhande

(c) Omkar Nath Thakur

(d) Sharang Deo

33. 'Sawai Gandharva Sangeet Sammelan' is observed in :

(a) Mumbai

(b) Thane

(c) Pune

(d) Dharwad

34. 'Ni Re Ga Ma Pa' is the phrase of the following Raga :

(a) Puriya Kalyan

(b) Puriya

(c) Marva

(d) Todi

32. 'क्रमिक पुस्तक मालिका' के लेखक हैं :

(अ) वि. दिगम्बर

(ब) वि.ना. भातखण्डे

(स) ओंकार नाथ ठाकुर

(द) शार्ङ्गदेव

33. 'सवाई गंधर्व संगीत सम्मेलन' मनाया जाता है :

(अ) मुंबई में

(ब) ठाणे में

(स) पुणे में

(द) धारवाड़ में

34. 'नि रे ग मे प' निम्न राग की स्वर-संगति है :

(अ) पूरिया कल्याण

(ब) पूरिया

(स) मारवा

(द) तोड़ी

35. Identify the pair which is *not* correct :

(a) Girija Devi—Thumari

(b) Miyan Shori—Tappa

(c) Bhimsen Joshi—Ghazal

(d) Dagar brothers—Drupad

36. Baba Allauddin was the 'Guru' of :

(a) Ravi Shankar

(b) Bismillah Khan

(c) Rabindranath Tagore

(d) Amjad Ali Khan

37. 'Tala Savari' includes :

(a) 15 Matra—7 Vibhag

(b) 15 Matra—6 Vibhag

(c) 17 Matra—7 Vibhag

(d) 17 Matra—6 Vibhag

35. निम्नलिखित में से कौनसी जोड़ी सही **नहीं** है ?

(अ) गिरिजा देवी—ठुमरी

(ब) मियाँ शोरी—टप्पा

(स) भीमसेन जोशी—गज़ल

(द) डागर बंधु—ध्रुपद

36. बाबा अलाउद्दीन गुरु थे :

(अ) रवि शंकर के

(ब) बिसमिल्लाह खान के

(स) रवीन्द्रनाथ टैगोर के

(द) अमजद अली खान के

37. ताल 'सवारी' में हैं :

(अ) 15 मात्रा—7 विभाग

(ब) 15 मात्रा—6 विभाग

(स) 17 मात्रा—7 विभाग

(द) 17 मात्रा—6 विभाग

38. Tala 'Punjabi' has :

(a) 16 Matra—5 Vibhag

(b) 16 Matra—4 Vibhag

(c) 8 Matra—2 Vibhag

(d) 8 Matra—4 Vibhag

39. Udatta, Anudatta and Swarit are related to :

(a) Vedic Music

(b) Modern Music

(c) Karnatak Music

(d) Folk Music

40. The author of 'Brihaddeshiya' is :

(a) Narad

(b) Ahobal

(c) Lochan

(d) Matang

38. ताल 'पंजाबी' में हैं :

(अ) 16 मात्रा—5 विभाग

(ब) 16 मात्रा—4 विभाग

(स) 8 मात्रा—2 विभाग

(द) 8 मात्रा—4 विभाग

39. उदात्त, अनुदात्त एवं स्वरित किससे संबंधित हैं ?

(अ) वैदिक संगीत से

(ब) आधुनिक संगीत से

(स) कर्नाटक संगीत से

(द) लोक संगीत से

40. 'बृहद्देशीय' के लेखक हैं :

(अ) नारद

(ब) अहोबल

(स) लोचन

(द) मतंग

41. 'Shudha Rishabha' is placed on which 'Shruti', according to the ancient musicologists ?

(a) 7th Shruti

(b) 5th Shruti

(c) 8th Shruti

(d) 6th Shruti

42. Which of the two 'Swaras' are known as 'Achal Swaras' in Hindustani Music ?

(a) Sa–Ma

(b) Sa–Ga

(c) Ma–Pa

(d) Sa–Pa

43. 'Bahutva' of Komal Re and Komal Dha in 'Raga Multani', changes the 'Raga-swaroopa', and lead it towards the Raga :

(a) Bhairav

(b) Todi

(c) Puriya Kalyan

(d) Jaunpuri

41. प्राचीन ग्रंथकारों ने 'शुद्ध रिषभ' को किस श्रुति पर स्थापित किया है ?

(अ) सातवीं

(ब) पाँचवीं

(स) आठवीं

(द) छठी

42. हिन्दुस्तानी संगीत में किन दो स्वरों को अचल स्वर के रूप में जाना जाता है ?

(अ) सा–म

(ब) सा–ग

(स) म–प

(द) सा–प

43. 'राग मुल्तानी' में कोमल रे व कोमल ध का बहुत्व, इसके राग-स्वरूप को परिवर्तित करके किस राग की ओर ले जाता है ?

(अ) भैरव

(ब) तोड़ी

(स) पूरिया कल्याण

(द) जौनपुरी

44. 'Sa–Dha Ni Re–', Swarawali depicts Raga :

(a) Jaijaiwanti

(b) Yaman

(c) Megh

(d) Darbari Kanda

45. As per Pt. Bhatkhande's 'Thata-Raga Vargikaran', the Ragas are classified under how many 'Thatas' ?

(a) 12

(b) 72

(c) 36

(d) 10

46. 'Man Kutuhal Grantha' elucidates on which musical form ?

(a) Thumari

(b) Kajari

(c) Dhrupad

(d) Tappa

44. 'सा-ध़ नि़ रे' स्वर समुदाय किस राग को इंगित करता है ?

(अ) जैजैवन्ती

(ब) यमन

(स) मेघ

(द) दरबारी कानड़ा

45. पं. भातखंडे के थाट-राग वर्गीकरण में रागों को कितने थाटों में वर्गीकृत किया गया है ?

(अ) 12

(ब) 72

(स) 36

(द) 10

46. 'मान कुतूहल' ग्रंथ किस सांगीतिक शैली पर प्रकाश डालता है ?

(अ) ठुमरी

(ब) कजरी

(स) ध्रुपद

(द) टप्पा

47. Which Raga will be formed, if 'Komal Rishabh' of 'Puriya Kalayn' is altered into 'Shuddha Rishabh' ?

(a) Yaman

(b) Shuddha Sarang

(c) Sohani

(d) Hindol

48. Identify the phrase which differentiates Raga Shyam Kalyan and Shuddha Sarang :

(a) Ga Ma Re Sa—Re Ma Re Sa

(b) M̍a Dha Pa Pa—M̍a Pa Dha Pa

(c) M̍a Pa Ṡa Ṡa—M̍a Pa Ni Sa

(d) Re Pa M̍a Pa—Re M̍a Pa Pa

49. If an 'Avartan' of 'Teentala' is rendered in 16 seconds, how much time and how many repetitions of the 'Theka' will be needed to mark 'Athagun' of 'Teental' ?

(a) 4 second—8 times

(b) 2 second—8 times

(c) 8 second—4 times

(d) 16 second—2 times

47. यदि 'पूरिया कल्याण' के कोमल रिषभ को शुद्ध रिषभ में परिवर्तित करें, तो कौनसा राग बनेगा ?

(अ) यमन

(ब) शुद्ध सारंग

(स) सोहनी

(द) हिंडोल

48. राग श्याम-कल्याण व शुद्ध सारंग में भेद को दर्शाने वाली प्रमुख स्वरावली को चिह्नित कीजिए :

(अ) ग म रे सा—रे म रे सा

(ब) म॑ ध प प—म॑ प ध प

(स) म॑ प सां सां—म॑ प नि सां

(द) रे प म॑ प—रे म॑ प प

49. यदि तीनताल का एक आवर्तन 16 सेकंड का है, तो इसकी अठगुन कितने सेकंड में होगी, व इसके ठेके के बोलों की पुनरावृत्ति कितनी बार होगी ?

(अ) 4 सेकंड—8 बार

(ब) 2 सेकंड—8 बार

(स) 8 सेकंड—4 बार

(द) 16 सेकंड—2 बार

50. Minimum, how many 'Swaras' are essential to form a Raga as per Hindustani Music ?

(a) 7

(b) 4

(c) 6

(d) 5

51. A person, who has command over 'Dhatu' and 'Matu' is known as :

(a) Gayak

(b) Tantrikar

(c) Geetkar

(d) Vaggeyakar

52. Which 'Tala' is used for 'Dhamar Gayan' ?

(a) Chautal

(b) Dhamar

(c) Teevra

(d) Teental

50. हिन्दुस्तानी संगीत में, राग निर्मिति हेतु कम से कम कितने स्वर आवश्यक हैं ?

(अ) 7

(ब) 4

(स) 6

(द) 5

51. धातु व मातु पर महारथ हासिल करने वाले को कहते हैं :

(अ) गायक

(ब) तंत्रीकार

(स) गीतकार

(द) वाग्गेयकार

52. धमार-गायन हेतु किस ताल का प्रयोग किया जाता है ?

(अ) चौताल

(ब) धमार

(स) तीव्रा

(द) तीनताल

53. Identify the two 'Ragas' which are commonly mentioned by Shiv Mat, Bharat Mat Kallinath Mat and Hanumat Mat under 'Rag-Ragini' classification ?

(a) Shree, Megh

(b) Natnarayan, Malkauns

(c) Pancham, Bhairavi

(d) Deepak, Natnarayan

54. 'Pancham' is placed on which 'Shruti' according to the modern musicologists ?

(a) 14th

(b) 17th

(c) 16th

(d) 15th

53. वे कौनसे दो राग हैं, जिनका राग-रागिनी वर्गीकरण के अन्तर्गत, शिव मत, भरत मत, कल्लिनाथ मत व हनुमत मत सभी ने उल्लेख किया है ?

(अ) श्री, मेघ

(ब) नटनारायण, मालकौंस

(स) पंचम, भैरवी

(द) दीपक, नटनारायण

54. आधुनिक संगीतज्ञों ने 'पंचम' को किस श्रुति पर स्थापित किया है ?

(अ) चौदहवीं

(ब) सत्रहवीं

(स) सोलहवीं

(द) पंद्रहवीं

55. In view of the modern 'Shuddha-Swara-Saptaka', the medieval 'Shuddha-Swara-Saptaka' has :

(a) Ga Dha Komal

(b) Re Dha Komal

(c) Gha Ni Komal

(d) Ma Ni Komal

56. 72 Melakarta is propounded by :

(a) Lochan

(b) Vyankatmakhi

(c) Somnath

(d) Pundrik Vitthal

55. आधुनिक शुद्ध-स्वर-सप्तक की दृष्टि से मध्यकालीन शुद्ध-स्वर-सप्तक में :

(अ) ग ध कोमल हैं

(ब) रे ध कोमल हैं

(स) ग नी कोमल हैं

(द) म नी कोमल हैं

56. 72 मेलकर्ता का प्रतिपादन किसके द्वारा किया गया ?

(अ) लोचन

(ब) व्यंकटमखी

(स) सोमनाथ

(द) पुंडरीक विट्ठल

57. What will the order of 'Swaras' for bracketted ('Pa') of Bhatkhande's notation system ?

(a) Pa Dha Ma Pa

(b) Dha Pa Ma Pa

(c) Dha Ma Dha Pa

(d) Pa Ma Dha Pa

58. The author of 'Sangeet Parijat' is :

(a) Ahobal

(b) Damodar

(c) Ramamatya

(d) Shri Niwas

59. Vadi-Samvadi of Raga Marva are :

(a) Dha-Re

(b) Ma-Sa

(c) Ga-Ni

(d) Re-Dha

57. भातखण्डे स्वरलिपि पद्धति के अनुसार कोष्ठक में दिए गए (प) के गायन में, स्वरों का क्रम क्या रहेगा ?

(अ) प ध म प

(ब) ध प म प

(स) ध म ध प

(द) प म ध प

58. 'संगीत पारिजात' के लेखक हैं :

(अ) अहोबल

(ब) दामोदर

(स) रामामात्य

(द) श्रीनिवास

59. राग मारवा के वादी-संवादी हैं :

(अ) ध-रे

(ब) मं-सां

(स) ग-नी

(द) रे-ध

60. Both 'Madhyams' are used in Raga :

(a) Shree

(b) Multani

(c) Lalit

(d) Sohini

61. Kishori Amonkar represents which 'Gharana' ?

(a) Jaipur

(b) Agra

(c) Kirana

(d) Vishnupur

62. 'Chautal' is played on which instrument ?

(a) Tabla

(b) Pakhawaj

(c) Dholak

(d) Naal

60. दोनों मध्यमों का प्रयोग किस राग में किया जाता है ?

(अ) श्री

(ब) मुल्तानी

(स) ललित

(द) सोहनी

61. किशोरी अमोनकर किस घराने का प्रतिनिधित्व करती हैं ?

(अ) जयपुर

(ब) आगरा

(स) किराना

(द) विष्णुपुर

62. चौताल किस वाद्य पर बजाई जाती है ?

(अ) तबला

(ब) पखावज

(स) ढोलक

(द) नाल

63. In which 'Tala' the 'Sam' falls on 'Khali' ?

(a) Teevra

(b) Roopak

(c) Khemta

(d) Chancher

64. The process of placing 'Shudha Swaras' on the wire of Veena was initiated by which scholar ?

(a) Bhatkhande

(b) Somnath

(c) Ahobal

(d) Vyankatamakhi

63. किस ताल में खाली पर सम आता है ?

(अ) तीव्रा

(ब) रूपक

(स) खेमटा

(द) चाँचर

64. वीणा के तार पर शुद्ध स्वरों की स्थापना की प्रक्रिया किस विद्वान ने प्रारंभ की ?

(अ) भातखंडे

(ब) सोमनाथ

(स) अहोबल

(द) व्यंकटमखी

65. Bade Ghulam Ali Khan belongs to which Gharana ?

(a) Patiala

(b) Rampur

(c) Delhi

(d) Agra

66. Birju Maharaj represents which Classical Dance form ?

(a) Manipuri

(b) Kuchipudi

(c) Bharatnatyam

(d) Kathak

67. Pt. Bhatkhande's pen-name was :

(a) Pranav

(b) Saras

(c) Ramrang

(d) Manjrikar

65. बड़े गुलाम अली खाँ किस घराने से संबंधित हैं ?

(अ) पटियाला

(ब) रामपुर

(स) दिल्ली

(द) आगरा

66. बिरजू महाराज किस शास्त्रीय नृत्य शैली का प्रतिनिधित्व करते हैं ?

(अ) मणिपुरी

(ब) कुचिपुडी

(स) भरतनाट्यम्

(द) कत्थक

67. पं. भातखंडे ने लेखन के लिए किस उपनाम का प्रयोग किया ?

(अ) प्रणव

(ब) सरस

(स) रामरंग

(द) मंजरीकार

68. How many 'Vikrit Swaras' are used in Raga 'Shree' ?

(a) 2

(b) 3

(c) 1

(d) 4

69. 'Tarana' is similar to which form of Karnatak Music ?

(a) Tillana

(b) Kriti

(c) Padam

(d) Javli

70. 'Langa' and Manganiars are the folk-singers of :

(a) Rajasthan

(b) Gujarat

(c) Arunachal Pradesh

(d) Uttarakhand

68. राग 'श्री' में कितने विकृत स्वरों का प्रयोग होता है ?

(अ) 2

(ब) 3

(स) 1

(द) 4

69. 'तराना' कर्नाटक संगीत की किस शैली के समान है ?

(अ) तिल्लाना

(ब) कृति

(स) पदम

(द) जावलि

70. लंगा व माँगणियार किस प्रदेश के लोक–गायक हैं ?

(अ) राजस्थान

(ब) गुजरात

(स) अरुणाचल प्रदेश

(द) उत्तराखंड

**Space for Rough Work**

**कच्चे कार्य के लिए स्थान**